-:प्रेस नोटः-

दिनांक- 08.06.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ मामूली विवाद में अपनी माँ की हत्या करने वाले पुत्र को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मामूली विवाद में अपनी माँ की हत्या करने वाले पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम गुरेह के रहने वाले पप्पू उर्फ राधाचरन पुत्र मुनुवा ने कल दिनांक 07.06.2026 को सायंकाल मामूली विवाद में अपनी माँ को पक्के रास्ते पर उठाकर पटक दिया और सिर में गम्भीर चोटें आने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। प्रकरण में मृतका के बेटे की तहरीर पर थाना कोतवाली देहात में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया । जिसे आज दिनांक 08.06.2026 को नियमानुसार मा0 न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. पप्पू उर्फ राधाचरन पुत्र मुनुवा निवासी गुरेह थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

➢ मु0अ0सं0- 157/26 धारा 103(1)/352 बीएनएस थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. श्री चन्द्र प्रकाश तिवारी थानाध्यक्ष कोतवाली देहात
2. कां0 जितेन्द्र कुमार
3. कां0 सचिन पटेल